भारत सरकार

परमाणु ऊर्जा विभाग

**लोक सभा**

**तारांकित प्रश्न संख्या *301**

जिसका उत्तर दिनांक 22.03.2023 को दिया जाना है

**यूरेनियम का अन्वेषण**

*301. **श्री अनुमुला रेवंत रेड्डी :**

क्या **प्रधान मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि उत्तरी तेलंगाना क्षेत्र में लगभग 20,000 टन यूरेनियम भंडारों की पहचान की गई है जिनका पता लगाने की आवश्यकता है और यदि हां, तो सरकार कब तक अन्वेषण शुरू कर देगी; और

(ख) क्या सरकार ने इस अन्वेषण के लिए कोई धनराशि आवंटित की है और यदि हां, तो आबंटित और उपयोग की गई धनराशि का ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

राज्य मंत्री, कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन तथा प्रधान मंत्री कार्यालय (डॉ. जितेन्द्र सिंह) :

(क) से (ख) सदन के पटल पर विवरण प्रस्तुत है ।

******

**भारत सरकार**

**परमाणु ऊर्जा विभाग**

"यूरेनियम का अन्वेषण" के संबंध में श्री अनुमुला रेवंत रेड्डी द्वारा पूछे गए लोक सभा तारांकित प्रश्न संख्या *301, जिसका उत्तर दिनांक 22.03.2023 को दिया जाना है, के संदर्भ में विवरण।

---

(क) जी, हां। अब तक, एएमडी ने तेलंगाना के नालगोंडा जिले में लांबापुर, पेद्दागट्टू और चिट्रियल गांवों के निकट तीन (03) यूरेनियम भंडार निक्षेप निर्धारित किए हैं। इन निक्षेपों में कुल **18,550 टन (टी)** स्वस्थाने यूरेनियम ऑक्साइड निर्धारित किया गया है, जिसमें लांबापुर में 1,450 टन यूरेनियम ऑक्साइड; पेद्दागट्टू में 7,585 टन यूरेनियम ऑक्साइड और चिट्रियल में 9,515 टन यूरेनियम ऑक्साइड शामिल है। इन क्षेत्रों में यूरेनियम अन्वेषण 1992 से 2012 की अवधि के दौरान किया गया।

(ख) भारत में यूरेनियम अन्वेषण कार्यक्रम केंद्रीकृत अखिल भारतीय परियोजनाओं के अंतर्गत आता है और इसलिए, तेलंगाना राज्य में यूरेनियम के अन्वेषण के लिए कोई अलग बजटीय आबंटन नहीं है।

*****